





लघुकथा

खाने के इंतजार में 27 हजार लोग

डेनमार्क के विख्यात रेस्तरां 'नोमा' को 4 बार विश्व के सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां का खिताब दिला चुके शेफ रेने रेडजेपी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी में 10 दिन के लिए पौपअप रेस्तरां शुरू किया, जो उन के डेनमार्क वाले रेस्तरां की ही शाखा थी. उस रेस्तरां में रेने द्वारा खाने के शौकीनों को अपनी अवार्ड विनिंग रेसिपी खिलानी थी. एक व्यक्ति के खाने की कीमत थी 23 हजार रुपए. रेस्तरां खोलने की घोषणा के साथ ही लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराना शुरू कर दिया. नतीजतन 27 हजार लोग वेटिंग लिस्ट में आ गए.

रेने ने यह रेस्तरां सिडनी के लोगों के विशेष आग्रह पर खोला था. ऐसी स्थिति में वह सभी रजिस्टर्ड लोगों को अपनी रेसिपी खिलाना चाहते थे. दरअसल, रेने अपनी डिश की विशेषताओं के लिए जाने जाते हैं, क्योंकि वे हाइपर लोकल होती हैं. उन्हें कलात्मक तरीके से सजाया जाता है. उन की डिशेज में और भी बहुत कुछ ऐसा होता है जिसे देख कर लोग आश्चर्यचकित रह जाते हैं.

बहरहाल, रेने ने रेस्तरां तो 10 दिन के लिए खोला था लेकिन अपने चाहने वालों की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने समयावधि बढ़ाने में भी कोई गुरेज नहीं किया. ●